# University in News on 09 October 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# क्लाइंट काउंसिलिंग सच पता करने का पहला कदम

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की मूट कोर्ट कमेटी की ओर से तीन दिवसीय डॉ. अवतार सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेजिएट क्लाइंट काउंसिलिंग प्रतियोगिता की शुक्रवार से शुरुआत हुई। उद्घाटन मुख्य अतिथि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जबलपुर के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज सिंह चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि क्लाइंट काउंसिलिंग सच पता करने का पहला कदम होता है। साथ ही यह एक कला व विज्ञान है। विधि छात्रों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के ज्यूरिस हॉल में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने विश्वविद्यालय में बिताए हुए पुराने दिन याद किए। उन्होंने विधि संकाय को जज फैक्ट्री

### विधि संकाय में प्रतियोगिता, दिसंबर में एल्युमिनाई मीट

बताते हुए कहा कि देश में शायद ही ऐसा कोई जिला होगा, जहां पर लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि के छात्र बतौर जज ना नियुक्त हो। विशिष्ट अतिथि प्रो. वीजी गोस्वामी ने छात्र-शिक्षक संबंध के महत्व को समझाया। साथ ही छात्रों को कर्तव्यनिष्ठ, मेहनती व कर्मठ रहने की सीख दी। उद्घाटन के बाद प्रतियोगिता का पहला राउंड दो चरणों में कराया गया। क्वार्टर फाइनल व सेमी फाइनल राउंड शनिवार को होगा। फाइनल राउंड रविवार को प्रस्तावित है। डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि दिसंबर में एलुमिनाई मीट आयोजित की जाएगी। साथ ही संकाय में इंटरनेशनल एवं नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।

# भूगोल विभाग में लगी सैनिटरी नैपकिन मशीन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में जेंडर सैनिटाइजेशन सेल की पहल पर मिशन शक्ति के तहत सैनिटरी पैड वेडिंग मशीन लगाई गई। इसका उद्घाटन शुक्रवार को डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने किया। कार्यक्रम में अदम्य नाट्य संस्था ने गुफ्तगू की प्रस्तुति दी, जिसमें महिलाओं से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर सीधा संवाद हुआ। अरिंदम एवं अर्जुन ने अपने नृत्य से सबको प्रभावित किया। अंत में रूबरू बैंड ने अपने गीतों से माहौल को खुशनुमा बनाया। इस अवसर पर डीन आर्ट्स प्रो. शशि शुक्ला, समन्वयक मिशन शक्ति प्रो. मधुरिमा लाल व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रोली मिश्र ने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रो. एनके पांडेय, प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. अर्चना शुक्ल, डॉ. प्रशांत शुक्ल, माद्री ककोटी, डॉ. अनुपम सिंह, उर्वशी सिरोही, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अशोक कैथल, डॉ. अल्पना बाजपेई, डॉ. मीरा सिंह, डॉ. गरिमा सिंह आदि उपस्थित थे। (माई सिटी रिपोर्टर)



## HINDUSTAN PAGE 6

# 12 तक बिना विलम्ब शुल्क जमा करें फीस

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2020-21 के सम सेमेस्टर के वे छात्र जो कोविड के कारण अभी तक फीस नहीं जमा कर पाए हैं, उन्हें एक मौका और दिया गया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि छात्रों के अनुरोध पर उन्हें फीस जमा करने के लिए 12 अक्तूबर तक का समय दिया गया है। विलम्ब शुल्क भी नहीं पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि छात्रों से कहा गया है कि वे अपने पाठ्यक्रम के अनुसार सम्बंधित अधिकारियों से सम्पर्क करके उनसे पिछले सत्र के शुल्क भुगतान की ऑनलाइन अनुमति लें और 12 तक अपनी सेमेस्टर फीस यूडीआरसी पोर्टल पर जमा करदें। फीस जमा करने के लिए स्नातक संकाय के छात्रों को अपने-अपने डीन कार्यालय में, पीजी के छात्रों को विभागाध्यक्ष कार्यालय में और कॉलेजों के छात्रों को प्रबंधकों/प्राचार्यों से अनुमति लेनी है। कुलसचिव ने बताया कि जिन छात्रों को विषम सेमेस्टर में प्रमोट किया है, उन्हें 31 तक यूडीआरसी पोर्टल पर फीस जमा करनी है। वे छात्र जिन्हें पांचवे व छठे सेमेस्टर में विषय विकल्प का चयन करना है, वे अधिक जानकारी के लिए यूडीआरसी पोर्टल पर लॉग-इन करें।

# न्यू कैम्पस में क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित न्यू कैम्पस के विधि संकाय में मूट कोर्ट कमेटी द्वारा प्रथम डॉ. अवतार सिंह मेमोरियल इंटरकॉलेजिएट क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के ज्यूरिस हॉल में किया गया। प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। विभाग अध्यक्ष एवं संकाय अध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने कहा कि क्लाइंट काउंसलिंग एक विशेष कला है जिसे सीख कर आप वकालत में अपना परचम लहरा सकते हैं।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में वेंडिंग मशीन लगाई गई

**लखनऊ।** लखनऊ विवि के भूगोल विभाग में जेंडर सेन्सिटाइजेशन सेल की पहल पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई जिसका उद्धघाटन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने किया। इस अवसर डीन आर्ट्स प्रो. शशि शुक्ल, कन्वेनर मिशन शक्ति प्रो. मधुरिमा लाल व भूगोल विभाग की समन्वयक डॉ. रोली मिश्र और जेंडर सेन्सिटाइजेशन सेल की सदस्य माद्री ककोटी ने भी योगदान दिया।

## THE PIONEER PAGE 3

# Sanitary pad vending machine comes up at LU

Lucknow (PNS): The third phase of 'Mission Shakti' programme is being organised in various departments of Lucknow University. Meaningful efforts are being made to provide all essentialities to girl students, as per the agenda of the UP government.

On Friday, a sanitary pad vending machine, an initiative of the gender sensitisation cell of LU, was inaugurated by the DSW. The initiative was supported by Mission Shakti convenor Prof Madhurima Lall, dean of Faculty of Arts Prof Shashi Shukla and gender sensitisation cell member Madri Kakoti. "The idea of putting up a vending machine was conceived by Dr Roli Misra, coordinator of the department of Geography, also the convenor gender sensitisation cell. It was thought that girls in their difficult days of periods find it difficult to find a sanitary napkin in case they miss keeping it in their bags. An exclusive space called 'My Space', a separate room, has been given to the girl students," Madhurima Lall said.